# जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय

मदाऊ, भांकरोटा–मुहाना लिंक रोड़, जयपुर (राज.) - 302026

वेबसाईट : www.jrrsanskrituniversity.ac.in ई–मेल - jrrsu@yahoo.com टेलीफैक्स: 0141-2850551–75


क्रमांक पं.(01)जरारासंविवि / पीएसएसटी / 24 / 2920 दिनांक 20/8/2024

## विज्ञप्ति

**प्री–शिक्षाशास्त्री, प्री–शास्त्री–शिक्षाशास्त्री (चार वर्षीय) एवं प्री–शिक्षाचार्य 2024 में प्रवेश हेतु आवेदन**

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों में सत्र 2024–25 में द्विवर्षीय शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम, चारवर्षीय इन्टीग्रेटेड शास्त्री–शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम एवं शिक्षाचार्य पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु राज्य सरकार एवं राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् के नियमानुसार प्रवेश परीक्षा (प्री–टेस्ट) एवं प्रवेश प्रक्रिया के लिए पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। द्विवर्षीय शिक्षाशास्त्री एवं चार वर्षीय इन्टीग्रेटेड शास्त्री शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम हेतु क्रमशः सामान्य कला स्नातक तथा सामान्य 10+2 वर्ग के अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं। उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.jrrsanskrituniversity.ac.in** एवं **https://psst2024.jrrsu.in/ पर दिनांक 27.08.2024 से 10.09.2024** तक उपलब्ध रहेगा। उक्त से संबंधित विस्तृत सूचना विश्वविद्यालय की बेवसाईट पर उपलब्ध होगी। अभ्यर्थी अपनी अभ्यर्थिता की भली प्रकार जांच कर आवेदन करें।

**हैल्पलाइनः-** 7073704054

कुलसचिव एवं समन्वयक
PSST, PSSST, PSAT- 2024

क्रमांक पं.(01)जरारासंविवि / पीएसएसटी / 24 / 2921-29 दिनांक 20/8/24

**प्रतिलिपी निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, राजभवन सचिवालय, जयपुर
2. उप शासन सचिव, शिक्षा (ग्रुप–6), शासन सचिवालय, जयपुर
3. निजी सचिव, मान. कुलपति महोदय, जरारासंविवि, जयपुर
4. वित्त नियंत्रक, जरारासंविवि, जयपुर
5. कुलसचिव, भारत के समस्त संस्कृत विश्वविद्यालय ।
6. प्रभारी बेवसाइट, जरारासंविवि, जयपुर को संबंधित बेवसाइट पर अपलोड हेतु।
7. शाखा प्रबन्धक, इण्डियन बैंक, राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर, जयपुर को फीस संग्रहण की व्यवस्था हेतु प्रेषित।
8. कम्प्यूटर प्रोग्रामर, जरारासंविवि, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि PSST, PSSST, PSAT- 2024 के संबंध में अग्रिम कार्यवाही निर्धारित अवधि में संपादित करना सुनिश्चित करावें।
9. गोपनीय कम्प्यूटर फर्म, को प्रेषित कर लेख है कि PSST, PSSST, PSAT- 2024 के संबंध में अग्रिम कार्यवाही निर्धारित अवधि में संपादित करना सुनिश्चित करावें।

कुलसचिव एवं समन्वयक
PSST, PSSST, PSAT- 2024

जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय
मदाऊ, भांकरोटा–मुहाना लिंक रोड़, जयपुर (राज॰) - 302026
वेबसाईट : www.jrrsanskrituniversity.ac.in ई–मेल - jrrsu@yahoo.com टेलीफैक्स: 0141-2850551–75

क्रमांक पं.(1)जरारासंविवि/पीएसएसटी/24/ दिनांक

**प्री–शिक्षाशास्त्री, प्री शास्त्री–शिक्षाशास्त्री एवं प्री–शिक्षाचार्य टेस्ट–2024**
**अधिसूचना संख्या 01/2024**

राजस्थान में स्थित विभिन्न शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों में सत्र 2024–25 हेतु **द्विवर्षीय शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम, चार वर्षीय इन्टीग्रेटेड शास्त्री–शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम** एवं **शिक्षाचार्य पाठ्यक्रम** में प्रवेश हेतु राज्य सरकार एवं राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् के नियमानुसार होने वाले **प्री–शिक्षाशास्त्री टेस्ट (PSST)–2024, प्री–शास्त्री शिक्षाशास्त्री टेस्ट (PSSST)**–2024 एवं **प्री–शिक्षाचार्य टेस्ट (PSAT) 2024** के लिए पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

**पात्रता :–**

1. **प्री–शिक्षाशास्त्री टेस्ट (PSST)–2024 :** विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से **शास्त्री/आचार्य एवं स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षा तथा सामान्य कला स्नातक** 6 माह का संस्कृत ब्रिज कोर्स एवं 21 दिवसीय संस्कृत सम्भाषण शिविर के माध्यम से संस्कृत भाषा अर्हता अनिवार्य रूप से अर्जित करनी होगी, जो राजस्थान राज्य के विश्वविद्यालयों की स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षा **तथा सामान्य कला स्नातक** के समतुल्य मानी गई हो एवं वेबसाईट पर उपलब्ध दिशा निर्देशिका में उल्लेखित प्रवेश–अर्हताओं की पूर्ति करते हो ऐसे अभ्यर्थी आवेदन हेतु पात्र हैं। शास्त्री/आचार्य, स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षा **तथा** सामान्य कला स्नातक तत्समकक्ष में **सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम 50 प्रतिशत, राजस्थान के अनुसूचित जाति/जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, विशेष पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग तथा विधवा एवं तलाकशुदा महिला अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक अनिवार्य हैं।**

   आधुनिक धारा से तात्पर्य B.A. एवं M.A. से है एवं पारम्परिक धारा से तात्पर्य शास्त्री एवं आचार्य उत्तीर्ण विद्यार्थियों से है। जिसका विवरण निम्नानुसार है–

| आधुनिक धारा | पारम्परिक धारा |
|---|---|
| B.A. संस्कृत/कला | शास्त्री या इसके समकक्ष |
| M.A. संस्कृत/कला | आचार्य या इसके समकक्ष |

2. **प्री–शास्त्री शिक्षाशास्त्री टेस्ट (PSSST)–2024:** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर, राजस्थान से वरिष्ठ उपाध्याय/सीनियर सेकेण्डरी (10+2) परीक्षा तथा किसी भी संवर्ग कला वर्ग से 10+2 उत्तीर्ण विद्यार्थी (21 दिवसीय संस्कृत सम्भाषण शिविर के माध्यम से संस्कृत भाषा अर्हता अनिवार्य रूप से अर्जित करनी होगी) तथा इनके समकक्ष परीक्षा जो माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर राजस्थान के वरिष्ठ उपाध्याय/सीनियर सेकेण्डरी (10+2) परीक्षा के समतुल्य परीक्षा में **सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम 50 प्रतिशत, राजस्थान के अनुसूचित जाति/जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, विशेष पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग तथा विधवा एवं तलाकशुदा महिला अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक अनिवार्य हैं।**

3. **प्री–शिक्षाचार्य टेस्ट (PSAT)–2024:** विधि द्वारा स्थापित किसी भी विश्वविद्यालय से शिक्षाशास्त्री/बी.एड. (संस्कृत शिक्षण विषय सहित) में **सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 55 प्रतिशत, राजस्थान के अनुसूचित जाति/जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, विशेष पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग तथा विधवा एवं विवाहविछिन्न तलाकशुदा महिला अभ्यर्थियों के लिए 50 प्रतिशत अंक अनिवार्य हैं।**

# जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय
मदाऊ, भांकरोटा–मुहाना लिंक रोड़, जयपुर (राज.) - 302026

वेबसाईट : www.jrrsanskrituniversity.ac.in ई–मेल - jrrsu@yahoo.com टेलीफैक्सः 0141-2850551–75


उपर्युक्त सभी परीक्षाओं हेतु वांछित न्यूनतम प्राप्तांक प्रतिशत की गणना में एक अंक (प्वाइन्ट) भी कम स्वीकार्य **नहीं होगा** एवं ऐसा होना आवेदक की अभ्यर्थिता को निरस्त करने का पर्याप्त कारण होगा। पात्रता परीक्षा में इस वर्ष बैठने वाले विद्यार्थी भी **पीएसएसटी, पीएसएसएसटी एवं पीएसएटी परीक्षा 2024** के लिए आवेदन कर सकते हैं **बशर्ते उनके काउन्सलिंग में भाग लेने के लिए महाविद्यालय रिपोर्टिंग की अन्तिम तिथि तक प्रवेश हेतु अर्हक परीक्षा का परिणाम पात्रता प्राप्तांक सहित आ चुका हो तथा अंकतालिका पात्रता प्राप्तांक सहित उनके पास हो।** यह स्पष्ट किया जाता है कि ऐसे अभ्यर्थियों से महाविद्यालय में रिपोर्टिंग के समय अन्य किसी प्रकार का प्रोविजनल प्रमाण–पत्र अथवा समाचार पत्र में घोषित परिणाम या इंटरनेट से जारी अंकतालिका आदि स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

**आरक्षणः**–राजस्थान राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, विशेष पिछड़ा वर्ग, महिलाओं, दिव्यांग, सैनिकों व उनके आश्रितों, विवाह विच्छिन्न/विधवा महिलाओं व टाडा, माडा, सहरिया क्षेत्र (सहरिया जाति) के निवासियों, आर्थिक कमजोर वर्ग (EWS) एवं अन्य को राज्य सरकार के नियमानुसार प्रवेश हेतु आरक्षण उपलब्ध होगा। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया एवं विस्तृत दिशा निर्देश वेबसाइट **www.jrrsanskrituniversity.ac.in** एवं **https://psst2024.jrrsu.in/** पर उपलब्ध होंगे।

**आवेदन प्रक्रियाः– On-line Application Form** उपर्युक्त वर्णित वेबसाईट के माध्यम से भरे जायेंगें। अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने से पूर्व वेबसाइट पर उपलब्ध दिशा–निर्देशों को भली भाँति पढ़ लेवें। **हाथ से भरे गए आवेदन–पत्र किसी भी रूप में विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार नहीं किए जायेंगे।**

**आवेदन शुल्क :–** अभ्यर्थी द्वारा आवेदन शुल्क राशि 500/– (पाँच सौ रूपये मात्र) वेबसाइट के माध्यम से जमा करवाये जा सकेंगे। आवेदन शुल्क जमा करवाने के पश्चात् आवेदन पत्र का प्रिन्ट नहीं प्राप्त होता है तो निर्धारित अवधि में हैल्पलाइन नं. 7073704054 एवं ईमेल– helpdesk@jrrsu.in पर संपर्क करें।

**ऑनलाईन आवेदन पत्र–** ऑनलाईन आवेदन पत्र अत्यन्त सावधानी पूर्वक भर कर उसका प्रिन्ट लें एवं परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड प्रति एवं आवश्यक प्रमाण पत्रों की सत्यापित छायाप्रति अपने पास सुरक्षित संभाल कर रख लें जिन्हें काउंसलिंग के उपरान्त आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश के समय जमा करवाना आवश्यक है। ऑनलाईन आवेदन के समय चयनित केन्द्र ही परीक्षा के लिए आवंटित किया जायेगा। परीक्षा केन्द्र आवंटन में समन्वयक पीएसएसटी, पीएसएसएसटी, पीएसएटी परीक्षा 2024 का निर्णय अंतिम होगा।

**नोट–1.** परीक्षार्थी अपना मोबाईल नं. एवं ईमेल आईडी सही भरें ताकि परीक्षा संबंधित सूचना एस.एम.एस. (SMS)/email के माध्यम से संबंधित मोबाईल नम्बर एवं ईमेल पर यथासंभव दी जा सके। आवेदक अपना पत्र व्यवहार का पूर्ण पता मय पिनकोड के आवेदन पत्र में सही अंकित करें ताकि आवश्यकतानुसार पत्राचार किया जा सकें। राज्य सरकार की गाईडलाइन के अनुसार संबद्धताप्राप्त महाविद्यालयों में उपलब्ध सीटों से कम/समान आवेदन प्राप्त होने पर पात्रता परीक्षा का आयोजन नहीं किया जावेगा। ऑनलाइन आवेदन पत्र को पूर्ण रूप से भरकर ऑनलाइन ही जमा (submit) करें तथा इसका प्रिन्ट प्राप्त कर अभ्यर्थी स्वयं के पास सुरक्षित रखें। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे समय–समय पर निर्धारित वेबसाइट का अवलोकन करें। किसी भी प्रकार के संशोधन हेतु पृथक से विज्ञापन प्रकाशित नहीं किया जायेगा तथा व्यक्तिगत किसी को भी पृथक् से सूचित नहीं किया जावेगा।

2. ऑनलाइन आवेदन पत्र बेवसाइट **www.jrrsanskrituniversity.ac.in & https://psst2024.jrrsu.in/** पर दिनांक **27.08.2024** से उपलब्ध होंगे।

कुलसचिव एवं समन्वयक
**PSST, PSSST, PSAT-2024**